भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3904 का उत्तर

सासाराम रेलवे स्टेशन पर राजधानी ट्रेन का ठहराव

3904. श्री मनोज कुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क्या सासाराम के निवासियों के लिए यात्रा को सरल बनाने और क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान देने के लिए सासाराम रेलवे स्टेशन पर राजधानी ट्रेन को ठहराव दिया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

वर्तमान में, सासाराम 100 मेल/एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा सेवित है, जिनमें 04 वंदे भारत सेवाएं और 04 गरीब रथ सेवाएं शामिल हैं। इनमें से 36 रेलगाड़ी सेवाएं सासाराम और दिल्ली क्षेत्र के बीच कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती हैं।

इसके अलावा, यात्रियों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सासाराम स्टेशन पर 09 स्पेशल रेलगाड़ी सेवाएं भी परिचालित की जा रही हैं।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर राजधानी सेवाओं सहित रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान करना सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य आदि के अध्यधीन है।

*****